संख्या:13/2021/583जेएल/22-3-2021-800(122)/2019

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट,
झांसी।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 *लखनऊ: दिनाक: 01 अप्रैल, 2021*

विषय- जिला कारागार झांसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी ऋषि तलवार पुत्र स्व0 कुलदीप तलवार, निवासी-सी0पी0 मिशन कम्पाउण्ड जार पहाड़, थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झांसी को माता के उपचार हेतु पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2532/प्रोबेशन/बन्दी/पैरोल/2020-21, दिनांक 12-03-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीजर 1973(1974 का एक्ट संख्या-2) की धारा-432 के अन्तर्गत श्री राज्यपाल जिला कारागार झांसी में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी ऋषि तलवार पुत्र स्व0 कुलदीप तलवार, निवासी-सी0पी0 मिशन कम्पाउण्ड जार पहाड़, थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झांसी को माता के उपचार हेतु एक माह के पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) पर कारागार से छोड़े जाने के आदेश इस प्रतिबन्ध के साथ देते है कि बंदी पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की अवधि में शांति बनाये रखने तथा अच्छे चाल-चलन रखने और पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की अवधि समाप्त होने पर जेल में वापस जाने के लिए आपकी संतुष्टि के अनुसार दो जमानतों सहित एक निजी मुचलका दाखिल करे तथा बंदी के विरूद्ध अन्य कोई मुकदमा किसी न्यायालय में विचाराधीन न हो तथा बंदी का जेल आचरण संतोषजनक हो। पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की अवधि को बंदी द्वारा काटी गयी सजा में नहीं जोड़ा जायेगा।

2- यदि बंदी पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) समाप्त होने पर नियत तिथि को जेल में हाजिर न हो तो बंदी तथा उसके जमानतदारों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाय। बंदी पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की अवधि में अपने निवास स्थान के थाना में अपनी उपस्थिति की सूचना देता रहेगा।

3- बंदी को यह स्पष्ट कर दिया जाय कि यदि वह स्वीकृत पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) की अवधि समाप्त होने पर निर्धारित दिनांक को जेल में वापस नहीं आता है तो उसके विरूद्ध की जाने वाली किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना वह भविष्य में एक निश्चित अवधि अथवा सदा के लिए परिहार तथा पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) पाने का अधिकारी न होगा।

4- यह आदेश जारी होने के दिनांक से छ: माह तक मान्य होंगे।

5- कृपया इस आदेश की प्राप्ति की सूचना से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

6- यह आदेश अपर निर्वाचन आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-983/रा0नि0आ0अनु0-3/पं0नि0/2021-21/2021, दिनांक 31-03-2021 द्वारा प्रदत्त अनापत्ति के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

संख्या:13/2021/583जेएल(1)/22-3-2021-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0।
2- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ।
3- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी।
4- अपर निर्वाचन आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या-983/रा0नि0आ0अनु0-3/पं0नि0/2021-21/2021, दिनांक 31-03-2021 के सन्दर्भ में।
5- अधीक्षक, जिला कारागार, झांसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बंदी के पैरोल (दण्ड का अस्थाई निलम्बन) पर रिहा किये जाने तथा बंदी के जेल में हाजिर होने की तिथि, शासन तथा महानिरीक्षक कारागार, उ0प्र0 को रेडियोग्राम द्वारा उसी दिन अथवा अधिकतम अगले दिन अवश्य उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in